तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, सोमवार 27 अप्रैल 2026

10 भगवान परशुराम एक समाज के नहीं, बल्कि सबके..



10 सेक्टर छह, सात व नौ में बनवाए जाएं चौक



## खबर संक्षेप

### आज आठ घंटे बंद रहेगी बिजली सप्लाई

**जींद।** सोमवार को 220केवी जींद के पावर हाउस में बिजली सप्लाई सुबह नौ से सायं पांच बजे तक बंद रखकर मुरम्मत का काम किया जाएगा। अधीक्षक अभियंता मदन लाल के अनुसार पावर हाउस से जुड़े 11केवी महिंद्रा एक्सट्रूजन, पीजीसीएल, एसटीपी, नवनीत फीडरों से जुड़े एरिया में बिजली सप्लाई आठ घंटे बंद रहेगी। इसके अलावा सैक्टर आठ में पावर हाऊस में सुबह सात से नौ बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

### सीआरएस ट्रेन के ट्रायल के लिए कल आएंगे जींद

**जींद** । हाइड्रोजन ट्रेन की ट्रायल के लिए सीआरएस 28 को जींद आ रहे हैं। सीआरएस के ट्रायल को लेकर रेलवे अधिकारी पूरी तैयारी में जुटे हैं। वह सुबह दस बजे दिल्ली से स्पेशल कोच में पौने 12 बजे पहुंचंगे। इसके बाद हाइड्रोजन प्लांट का निरीक्षण करेंगे और इसके बाद दोपहर दो बजे के बाद ट्रेन को लेकर ट्रायल पर निकलेंगे। सीआरएसय के ट्रायल को लेकर दो दिन पहले दिल्ली से एडीआरएम ने भी हाइड्रोजन प्लांट का निरीक्षण किया था। वहीं प्लांट में इलेक्ट्रोफायर के खराब होने के चलते चार टैंकर गैस बाहर से मंगवाई गई थी।

### ठेकेदार से मांगी चौथ धमकी देने का आरोप

**जींद।** रेलवे से जुड़े ठेकेदार को धमकी देकर चौथ मांगने का मामला सामने आया है। शहर थाना पुलिस ने ठेकेदार की शिकायत पर एक व्यक्ति के खिलाफ चौथ मांगने, धमकी देने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच जांच शुरू कर दी है। रेलवे से जुड़े ठेकेदार राधेश्याम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रेलवे कंस्ट्रक्शन से जुड़ा ठेकेदार है। गत 18 फरवरी को दिल्ली निवासी सुरेंद्र की व्हाट्सअप कॉल आई।

### गायक केडी के कार्यक्रम में व्यक्ति का पिस्तौल चोरी

**जींद।** सफीदो रोड के होटल में विवाह समारोह मे हरियाणवी गायक केडी के कार्यक्रम में एक व्यक्ति का पिस्तौल चोरी हो गया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। महम निवासी मोनू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 23 अप्रैल को वह सफीदों रोड के होटल मे शादी कार्यक्रम में शामिल होने आया था। जिसमें हरियाणवी गायक केडी को भी बुलाया गया। केडी जब स्टेज पर आया तो भीड़ हो गई। जिस पर अपनी पिस्तौल जेब में रख ली।

### गेहूं चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** सफीदों पुलिस ने गेहूं चोरी के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि आरोपित के पास जो बाइक थी, वह भी चोरी की थी। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर बाइक बरामद कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुरानी अनाज मंडी सफीदों निवासी नरेश ने शहर थाना सफीदों को दी शिकायत में बताया कि उसकी आढ़ती की दुकान के आगे से 24 अप्रैल रात को दो गेहूं की बोरी चोरी हो गई। पुलिस ने इस मामले की जांच करते हुए बुढ़ाखेड़ा निवासी पवन को गिरफ्तार किया।

### लोहे की रॉड मारकर युवक को किया घायल

**कैथल।** सिविल लाइन पुलिस ने कैथल के जींद रोड पर गाड़ी में सवार युवकों द्वारा युवक की बाइक को टक्कर करने व उस पर हमला करने का मामला दर्ज किया है। गांव किठाना के अमन ने सिविल लाइन पुलिस कैथल को दी शिकायत में बताया कि 24 अप्रैल को जब वह जींद रोड नजदीक टाटा मेट्रो कमर्शियल एजेंसी कैथल के पास से जा रहा था तो इसी दौरान नितिन, राहुल, मनजीत व रमन अपने तीन चार अन्य साथियों के साथ मिलकर गाड़ी में सवार होकर आए थे।

## अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान स्थिर, गरम हवाएं बढ़ा रही परेशानी

# अधिकतम पारा 42 डिग्री: भीषण गर्मी से आमजन बेहाल

■ दोपहर के समय सड़कें हुई सुनसान, बाजार से ग्राहक गुम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भीषण गर्मी ने आमजन का जीना बेहाल कर दिया है। रविवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि हवा की गति 21 किलोमीटर प्रति घंटा रही जबकि मौसम में आद्रता 13 प्रतिशत बनी रही। दोपहर को शहर में हालात कर्फ्यू जैसे दिखाई दिए। सड़कें खाली रही तो बाजार में भी विरानगी छाई रही। मौसम विभाग के अनुसार आगामी चार दिनों तक मौसम में बदलाव रहेगा।

### उमस भरी गर्मी और तपिश से परेशान आमजन

गर्मी और तपिश से आमजन पूरी तरह से परेशान है। दोपहर तक गर्मी लोगों की हालत खस्ता कर देती है। जिसके चलते सड़कों पर वाहन कम हो जाते हैं और बाजार भी सुनसान नजर आते हैं। गर्म हवा चलने के कारण लोगों को गर्मी ज्यादा महसूस होती है और पसीने सूखने का नाम नही लेते। गर्म हवाओं की चपेट में आने से छोटे बच्चे तथा वृद्ध बीमार पड़ रहे हैं। जिससे अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि गर्मी का अधिकतर शिकार वृद्ध तथा छोटे बच्चे होते हैं। इसलिए परिजनों को इनका विशेष ख्याल रखना चाहिए। उन्होंने लोगों को सुझाव देते हुए कहा कि गर्मी से बचने के लिए लोगों को भरपूर मात्रा में पानी का सेवन करना चाहिए। छोटे बच्चों को उल्टी या दस्त लगने पर तुरंत चिकित्सक को दिखाएं। मौसम विशेषज्ञ डा. राजेश ने कहा कि मौसम परिवर्तनशील, खुष्क व गरम रहेगा। इस दौरान तापमान में वृद्धि होगी।

### दोपहिया वाहन चालक बेहाल

तापमान में लगातार इजाफा हो रहा है और 42 डिग्री पहुंच गया है। पिछले तीन दिनों से अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान स्थिर बना हुआ है। वहीं दिन के समय बह रही गरम हवाओं ने आमजन का जीना मुहाल कर रखा है। दोपहर के समय सबसे ज्यादा परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को होती है। जो वाहन चलाते हुए सीधी धूप और तेज हवा के संपर्क में आते हैं। दिन निकलने के साथ ही सूर्य देवता आग उगलना शुरु कर देते हैं।

### बाजारों पर गर्मी का असर, ग्राहक न के बराबर

कुछ दिन से बढ़ रहे तापमान के चलते गर्मी बढ़ रही है। गर्मी का बाजारों पर असर दिखाई दे रहा है। सुबह एवं शाम को ही बाजारों में दुकानों पर ग्राहक नजर आते हैं। दोपहर को तो बाजारों में सन्नाटा पसरा रहता है। फसलों पर भी बढ़ रहे तापमान का असर दिखाई दे रहा है। कपास, सब्जियों की फसलें झुलसने लगी है। कपास की फसल पर गर्मी की ज्यादा मार नजर आ रही हैं। रोहताश, सुनील ने कहा कि तापमान निरंतर बढ़ रहा है। दिन में तो घरों से बाहर निकलना तक मुश्किल हो जाता है।



जींद। दोपहर के समय खाली नजर आ रही हुडा मार्केट। फोटो : हरिभूमि

## चीका में मोबाइल की दुकान पर फायरिंग मामला: टांग में लगी गोली

# रत्ताखेड़ा लुकमान में हथियार सप्लायर का किया एनकाउंटर

बदमाश की तरफ से पुलिस पर की फायरिंग में एएसआई तरसेम की बुलेट प्रूफ जैकेट पर गोली लगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल





कैथल। स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट टीम की गिरफ्त में आरोपी तथा घटना स्थल पर डीएसपी रमेश गुलिया। फोटो : हरिभूमि

चीका में 4 अप्रैल को मोबाइल की दुकान पर हुई फायरिंग मामले में पुलिस ने हथियार सप्लायर को मुठभेड़ के बाद काबू कर लिया। मुठभेड के दौरान आरोपी की टांग में गोली लगी है। उसे चीका के नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट की टीम को शाम करीब चार बजे सूचना मिली कि चीका में मोबाइल की दुकान पर फायरिंग मामले का आरोपी चीका क्षेत्र में आया हुआ है। इस पर पुलिस ने तीन टीमों का गठन किया। हालांकि पुलिस ने आरोपी को चीका क्षेत्र में ही देख लिया था, लेकिन वह बाइक पर सवार होकर भागने लगा। पुलिस ने उसका पीछा किया। जैसे ही टीम गांव खुशहाल माजरा के पास पहुंची तो आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस व बदमाश के बीच कुल 13 राउंड फायर हुए। इसमें बदमाश ने पुलिस पर 5 राउंड फायर किए। जबकि पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए आरोपी को घेरने के लिए 8 राउंड फायर किए। बदमाश की तरफ से पुलिस की फायरिंग में एएसआई तरसेम की बुलेट प्रूफ जैकेट पर गोली लगी। जबकि पुलिस की फायरिंग में बदमाश के घुटने पर लगी। इसके बाद उसे घायल हालत में उसे पहले गुहला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे कैथल रेफर कर दिया गया। पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया कि बदमाश रवि उर्फ निंजा निवासी रंबा जिला करनाल पर करनाल व कुरुक्षेत्र में आर्म्स एक्ट व हत्या के प्रयास के 7 से 8 केस दर्ज हैं। इनमें करनाल पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ का एक मामला भी शामिल है।

### जांच जारी

मुठभेड़ की सूचना मिलते ही गुहला के डीएसपी गुहला रमेश गुलिया मौके पर पहुंचे। डीएसपी गुहला रमेश गुलिया ने बताया कि रविवार को सूचना मिलने के बाद पुलिस की एसडीयू टीम व बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें बदमाश को काबू कर लिया गया है। अभी पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# गांव बाता में हमला कर चोट मारने के 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल





गांव बाता में जमीनी विवाद कारण दो भाइयों पर कई आरोपियों द्वारा हमला करके चोटे मारने के मामले में सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एसआई संदीप कुमार की टीम द्वारा आरोपी गांव बाता निवासी मुनीश, दीपक सिंह व गांव मुआना जिला जींद निवासी अशोक कुमार को काबू कर लिया गया।। डीएसपी रोहताश कुमार ने बताया कि बात्ता निवासी संजीव की शिकायत अनुसार वह खेती-बाड़ी का कार्य करता है और उसका अपने पड़ोसियों के साथ पिछले करीब एक साल से जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है।

यह मामला फिलहाल कोर्ट में विचाराधीन है। 18 अप्रैल 2026 की शाम करीब 5 बजे वह अपने भाई राजीव के साथ खेत में बने अपने ढाबे "जय बाबा राजपुरी भोजनालय" के सामने तुड़ी डलवा रहा था। इसी दौरान पंकज, अशोक और एक अन्य युवक मोटरसाइकिल पर वहां आए और उन्हें देखकर वापस चले गए। कुछ ही देर बाद नरेंद्र और सुरेंद्र सहित अन्य आरोपी अलग-अलग मोटरसाइकिलों पर लाठी, गंडासी, पिस्तौल व अन्य हथियारों से लैस होकर मौके पर पहुंचे। सभी ने मिलकर दोनों भाइयों को घेर लिया और जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। हमले के दौरान आरोपी निवासी सिंदा ने उसके भाई राजीव को चोटें मारी, जबकि अन्य आरोपियों उसको व उसके भाई को लात-घूंसे व डंडों से वार किए। हमलावरों ने दोनों भाइयों को ढाबे के अंदर जाने से रोकते हुए उन्हें गंभीर चोटें पहुंचाई और जान से मारने की धमकी देते मौके से फरार हो गए।

# जींद: युवक का अपहरण कर वसूली दस हजार की फिरौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

खरड़वाल से युवक का स्कार्पियो सवार युवकों ने अपहरण कर लिया और आरोपितों ने युवक के खाते से दस हजार रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। जिसके बाद आरोपित युवक को धमकी देकर उसके मामा के घर के निकट छोड़ कर फरार हो गए। सदर थाना नरवाना पुलिस ने तीन युवकों को नामजद कर एक अन्य के खिलाफ अपहरण करने फिरौती वसूलने तथा धमकी देने का मामला दर्ज किया है। गांव खरडवाल निवासी अंकुश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस शाम को वह दूध लेकर घर की तरफ आ रहा था। रास्ते में स्कोर्पियो में सवार गांव सातरोड कलां निवासी प्रिंस, साहिल, गोल्डी व एक अन्य ने उसे अपनी गाड़ी में बैठा लिया। तीनों युवकों को वह पहले से जानता था। जिस पर प्रिंस ने कहा कि चल घर चलते हैं। कुछ हिसाब करना है। आरोपित उसे घर ले जाने की बजाय इधर-उधर घुमाते रहे और सातरोड़ ले गए। आरोपित प्रिंस ने उसका मोबाइल फोन लेकर दस हजार रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। घर न पहुंचने तथा फोन पर बात न होने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दे दी। जिसकी भनक प्रिंस को लग गई। आरोपित उसे घटना के बारे में किसी को न बताने की धमकी देते उसके मामा के घर के निकट छोड़ कर फरार हो गए। सदर थाना नरवाना पुलिस ने अंकुश की शिकायत पर आरोपित प्रिंस, गोल्डी, साहिल को नामजद कर एक अन्य के खिलाफ अपहरण, फिरौती वसूलने, धमकी देने का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

छात्रों ने ज्ञापन सौंप उठाई थी मांग

# सीआरएसयू में दो साल से बंद पड़ी कंप्यूटर लैब बच्चों के लिए खोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। सीआरएसयू में छात्रों के लिए लैब में रखे कंप्यूटर। फोटो : हरिभूमि

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के शिवाजी छात्रावास में पिछले लगभग दो वर्षों से बंद पड़ी कंप्यूटर लैब को आखिरकार छात्रों की आवाज उठने के बाद खोल दिया गया है। लंबे समय से उपेक्षा का शिकार बनी यह लैब विश्वविद्यालय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर कई गंभीर सवाल खड़े कर रही थी। छात्रों ने जब इस मामले को उठाया और ज्ञापन सौंपा तो प्रशासन हरकत में आया तथा बंद लैब की साफ-सफाई और व्यवस्था दुरुस्त करने का कार्य शुरू किया गया। जानकारी के अनुसार शिवाजी छात्रावास परिसर में स्थापित इस कंप्यूटर लैब में करीब 25 से 30 अत्याधुनिक कंप्यूटर रखे गए थे। हर कंप्यूटर की अनुमानित कीमत एक लाख रुपये बताई जा रही है। महंगे उपकरण होने के बावजूद लैब सिर्फ फर्नीचर और व्यवस्थाओं के अभाव में पिछले दो वर्षों से बंद पड़ी रही। छात्र लगातार मांग करते रहे कि लैब को चालू किया जाए ताकि छात्र तकनीकी शिक्षा और डिजिटल संसाधनों का लाभ उठा सकें लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। सबसे चिंताजनक पहलू यह रहा कि इतने महंगे कंप्यूटर बिना उपयोग के पड़े रहे और उनकी वारंटी अवधि भी धीरे-धीरे समाप्त होती चली गई। यदि समय रहते इनका उपयोग शुरू किया जाता तो सैंकड़ों विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलता। विवि में पढ़ने वाले अनेक छात्र व छात्राएं प्रतियोगी परीक्षाओं, ऑनलाइन कोर्स, शोध कार्य और प्रोजेक्ट तैयार करने के लिए कंप्यूटर सुविधाओं पर निर्भर रहते हैं।

# शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर 25.15 लाख का चूना

■ साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शिक्षा विभाग से रिटायर्ड व्यक्ति को झांसे मे आकर शेयर मार्केट मे निवेश करना मंहगा पड़ गया। साइबर ठगों ने व्यक्ति को 25.15 लाख का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिक्षा विभाग से रिटायर्ड अर्बन एस्टेट निवासी ओमप्रकाश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने सीबी द्वारा पंजीकृत वर्ष 2025 में निवेश पर देश का नेतृत्व कर चुके आरव गुप्ता से जुड़ा व्हाट्सअप गुरप ज्वायन किया था। फिर उसने गुरप में चल रही गतिविधियों को देखा। जिससे प्रभावित होकर उसने ट्रेडिंग एप पंजीकृत कर लिया। खाता रजिस्ट्रड होने के बाद मीना जोशी को कस्टमर प्रतिनिधी बनाया। जिसके बाद उसे कई कंपनियो के शेयर आबंटित किए गए। मीना के कहे अनुसार उसने दो खातों में 25 लाख ट्रांसफर कर दिए। गत 11 अक्टूबर को मुनाफे के तौर एक लाख रुपये आए। मीन जोशी से बात करने पर उसे बताया एचएनआई चैनल में इश्यू होने के कारण दाम कम हुए है।

# गांव खुंगा में 60 एकड़ फाने व दर्जनभर बिटोड़े जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



गांव खुंगा खेतों में रविवार शाम को आग भड़क उठी। जिसमें लगभग 60 एकड़ फाने तथा दर्जनभर बिटोड़े जल गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची और फायर बिग्रेड ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। आग कैसे लगी, इसका खुलासा नही हो पाया है।

गांव खुंगा खेतों में रविवार शाम को अचानक आग भड़क उठी। भीष्ण गर्मी तथा हवा तेज होने के कारण आग तेजी से फैलने लगी। जिसने गांव की तरफ रूख कर दिया। खेतों में आग को तेजी से फैलते देख ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन आग तेजी से गांव की बढ़ने लगी और बिटोड़ों को अपनी चपेट मे ले लिया। सूचना पाकर सदर थाना पुलिस तथा फायर बिग्रेड की गाडियां मौके पर पहुंच गई और ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक 60 एकड़ फाने तथा दर्जनभर बिटोड़े जल चुके थे। ग्रामीणों ने बताया कि आग खेतों में फानों में देखी गई थी। कुछ देर में विकराल रूप धारण कर लिया और गांव तक बढ़ आई। गनीमत यह रही कि फायर बिग्रेड ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पा लिया।

**निर्देश** | बोर्ड ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी किया

# बच्चों को निर्धारित किताबें ही होंगी उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

■ पहली से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को मिलती हैं फ्री किताबें





जींद। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रस्तावित निर्धारित किताबें ही नए सत्र में विद्यार्थियों के लिए लागू होंगी। इस संबंध में बोर्ड ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी किया है। जारी पत्र के अनुसार बोर्ड ने कहा शैक्षणिक सत्र 2026-27 सत्र शुरू हो चुका है। ऐसे में जिला शिक्षा अधिकारी हरियाणा विद्याल शिक्षा बोर्ड से संबंधित विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए बोर्ड द्वारा प्रस्तावित पाठ्य पुस्तकें लगवाना सुनिश्चित करें। जिले में 724 राजकीय स्कूल हैंद्ध जिसमें एक लाख से अधिक विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। वहीं जिलेभर में 396 प्राइवेट स्कूल हैं। राजकीय स्कूलों में पहली से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को निशुल्क किताबें शिक्षा विभाग की ओर से विद्यार्थियों को भेजी जाती हैं। नया सत्र शुरू हो चुका है। ऐसे में विभाग की ओर से राजकीय स्कूलों में पहली से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए किताबें भेजी जा रही हैं। वहीं नौवीं से 12वीं कक्षा में राजकीय स्कूलों में शिक्षा विभाग की ओर से एनसीईआरटी या बोर्ड द्वारा प्रस्तावित किताबें ही लगवाई जाती हैं। इसके अलावा निजी स्कूलों में भी शिक्षा विभाग की ओर से एनसीईआरटी की किताबें लगवाने के निर्देश दिए जाते हैं लेकिन निजी स्कूल संचालक विभागीय आदेशों को दरकिनार करते हुए महंगी-महंगी निजी प्रकाशकों की किताबें लगवाते हैं। निजी प्रकाशकों की किताबें एनसीईआरटी की अपेक्षा तीन से चार गुना महंगी होती हैं। अब हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने निर्देश दिए हैं कि संबंधित सभी स्कूलों में बोर्ड द्वारा प्रस्तावित किताबें लगवाई जाएं।

### निजी प्रकाशकों की किताबें लगवाने के नाम पर कमीशन का प्रारंभ हो जाता है खेल

नए सत्र की शुरुआत पर जिले में निजी प्रकाशकों की किताबें लगवाने के नाम पर कमीशन का खेल शुरू हो जाता है। एनसीईआरटी की जगह निजी प्रकाशकों की किताबों के रेट में तीन से चार गुणा का अंतर है। एनसीईआरटी की 60 रुपये वाली किताब की जगह निजी प्रकाशक की 250 से 300 रुपये प्रिंट रेट किताबें बेची जा रही हैं। एनसीईआरटी की किताबें का पहली से लेकर पांचवीं तक पूरे सेट 400 से 550 रुपये के बीच हैंए जबकि निजी प्रकाशकों की किताबें 1500 से लेकर 2000 रुपये तक आती हैं। वहीं छठी से लेकर आठवीं तक एनसीईआरटी की किताबों के दाम 800 से 900 रुपये हैं, जबकि निजी प्रकाशकों की पुस्तकों के दाम लगभग 3500 रुपये तक है। नौवीं, दसवीं और 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए एनसीईआरटी का सेट लगभग 1100 से 1300 रुपये का हैए जबकि निजी प्रकाशकों की पुस्तकों के 5500 रुपये से ज्यादा निर्धारित हैं।

### नियमों की अवहेलना पर होगी कार्रवाई

जिला शिक्षा अधिकारी रितु पंघाल ने बताया कि अगर कोई स्कूल संचालक बोर्ड द्वारा प्रस्तावित की जगह दूसरी किताबें लगवाए मिलता है, उसके खिलाफ विभागीय खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से निर्देश मिले हैं। संबंधित सभी स्कूलों में बोर्ड द्वारा प्रस्तावित किताबें ही लगवाई जाएं। इसके लिए सभी स्कूल संचालकों को बता दिया गया है।

**खबर संक्षेप**

### लायंस क्लब के सातवें वाटर कूलर का शुभारंभ

**नरवाना।** लायंस क्लब द्वारा शहर में सातवें वाटर कूलर का शुभारंभ किया गया। यह सेवा कार्य स्वर्गीय प्रेम सागर मनुजा की पावन स्मृति में मनुजा परिवार के सहयोग से संपन्न हुआ। भीषण गर्मी को देखते हुए कार्यक्रम स्थल पर ठंडे मीठे पानी की छबील भी लगाई गईए जिससे राहगीरों और आमजन को राहत प्रदान की गई। क्लब पदाधिकारियों ने बताया कि लायंस क्लब भविष्य में भी इसी प्रकार जनहित के कार्य करता रहेगा।

### फलाहार से उत्तम कोई आहार नहीं: अशोक

**नरवाना।** जीएफसी फलाहार उपचार शिविर में लोगों ने फलाहार से बीमारियां ठीक होने के चौंकाने वाले अनुभव सुनाए। चार दिन दिनभर फलाहार का सेवन करने से कईं लोगों की शुगर, बीपी, दर्द, कब्ज आदि बीमारियां चमत्कारिक रूप से ठीक होने पर लोग गदगद रहे। मुख्यअतिथि रिटायर्ड कमिश्नर अशोक गर्ग ने जीवन के अनुभव सांझा करते श्रोताओं से आह्वान किया कि फलाहार से उत्तम कोई आहार नहीं है। दावा किया कि अगर हमें महंगे-महंगे इलाज, दवाइयों से बचना है तो फलाहार एवं सब्जियों, सलाद ही एक उपाय है। ये बातें ब्रह्माकुमारीज के जीएफसी गॉडली फ्रूट क्योर स्वास्थ्य शिविर के समापन पर कही।

### नि:शुल्क शिविर में 79 मरीजों की हुई जांच

**नरवाना।** शिव मंदिर गुरुसर में जयराम नेत्र दंत, प्रसूति एवं सामान्य अस्पताल द्वारा रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गुरुसर क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। जिनमें से कुल 79 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में सामान्य रोग विशेषज्ञ डा. गरिमा शर्मा व डा. शशि बाला ने बीपी, शुगर, पेट रोग व दांतों से संबंधित बीमारियों की जांच की। सरपंच परवीन ने शिविर का अवलोकन करते कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

### यूजीसी ने कुलसचिव को कार्रवाई के आदेश दिए

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि के प्रबंधन विभाग में पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया को लेकर शिकायतकर्ता विक्रम कुमार द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को भेजी गई शिकायत पर अब यूजीसी ने संज्ञान लिया है और विवि प्रशासन से जवाब तलब किया है। यूजीसी द्वारा विवि कुलसचिव को भेजे गए पत्र में सात दिनों के भीतर नियमानुसार कार्रवाई कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। शिकायतकर्ता विक्रम ने आरोप लगाया है कि विवि में पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह से पक्षपातपूर्ण और यूजीसी के नियमों के विपरीत संचालित की गई।

### जींद: गेहूं खरीद एवं उठान कार्य सुचारू रूप से जारी

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिले में गेहूं खरीद का कार्य सुचारू एवं व्यवस्थित ढंग से जारी है। मंडियों में किसानों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उपायुक्त ने बताया कि मंडियों में किसानों के लिए पीने के पानी, छायाए बैठने की व्यवस्था, शौचालय एवं सफाई जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। जिले में गत दिवस तक कुल सात लाख 27 हजार 896 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है।

### दयालु 2 योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने आवारा पशुओं से हुई दुर्घटना के पीडित लोगों से सरकार की दयालु 2 योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि सडकों पर घूम रहे पशुओं से होने वाली दुर्घटना में किसी भी नागरिक की मृत्यु या दिव्यांगता होने की स्थिति में दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना दयालु 2 के तहत आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रावधान है। योजना् पोर्टल का सरलीकरण भी किया गया है ताकि पात्र परिवारों को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से लाभ मिल सके।

## राज्यसभा सांसद ने पिल्लूखेड़ा में कार्यक्रम को किया संबोधित

# भगवान परशुराम एक समाज के नहीं, बल्कि सबके आराध्य: शर्मा

### भगवान परशुराम ने सदैव ज्ञान, तकनीक और प्रगति को महत्व दिया

### कार्तिकेय शर्मा ने ज्ञान गंगा केंद्र के लिए की 10 लाख देने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम किसी एक समाज तक सीमित नही बल्कि वे 36 बिरादरी के आराध्य हैं। हम सभी उनके वंशज हैं। इसलिए यह हमारा कर्तव्य बनता है कि उनके आदर्शों और संदेश को आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाएं तथा उनकी जीवनी का व्यापक प्रचार व प्रसार करें ताकि हर समाज को उनके बारे में सही जानकारी मिल सके। राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा रविवार को जामनी चौक से आरंभ हुई भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं भव्य शोभा यात्रा में शामिल होने के बाद पिल्लूखेड़ा में ब्राह्मण धर्मशाला में भगवान परशुराम सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर आयोजकों ने उनका जोरदार स्वागत किया और पगड़ी, सरोपा व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद ने घोषणा करते हुए भगवान परशुराम मंदिर के लिए पांच लाख रुपये तथा ज्ञान गंगा केंद्र की स्थापना के लिए 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मंदिर हमारी आस्था का प्रतीक है। जबकि ज्ञान गंगा केंद्र हमारे भविष्य का आधार बनेगा। आज के दौर में हर बच्चा डॉक्टर या इंजीनियर नहीं बन सकता और सरकार भी सभी को नौकरी नहीं दे सकती लेकिन हर युवा को रोजगार मिलना चाहिए। बताया कि ज्ञान गंगा केंद्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई की पढ़ाई और प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिससे बच्चे भविष्य की तकनीकों के लिए तैयार हो सकें। उनका कहना था कि यह केंद्र ऐसा मंच बनेगा जहां से पढ़कर युवा न सिर्फ रोजगार पाएंगे बल्कि रोजगार देने वाले भी बनेंगे। जोर देकर कहा कि इस केंद्र में सभी समाज के बच्चों को समान अवसर मिलेगा। जिससे पिल्लूखेड़ा क्षेत्र का कोई भी बच्चा पीछे न रहे। राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने यह भी कहा कि भगवान परशुराम ने सदैव ज्ञान, तकनीक और प्रगति को महत्व दिया। आज का समय तेजी से बदल रहा है और आने वाला दौर पूरी तरह एआई और आधुनिक तकनीकों का है। ऐसे में हर बच्चे को नई-नई तकनीक सीखनी ही होगी। उन्होंने सामाजिक संदेश देते हुए कहा कि ब्राह्मण केवल जन्म से नही बल्कि कर्म से बनता है। ब्राह्मण समाज ने हमेशा समाज को दिशा दिखाई है और सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का काम किया है। जिससे सामाजिक समरसता मजबूत हुई है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेत्री वृंदा शर्मा ने समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि वह तन, मन और धन से समाज के साथ खड़ी हैं। उन्होंने भगवान परशुराम मंदिर के लिए एक लाख एक हजार रुपये देने की घोषणा की। वहीं मार्केट कमेटी पिल्लूखेड़ा के चेयरमैन रोहताश शर्मा और शिव नारायण शर्मा ने भी मंदिर के लिए एक-एक लाख रुपये देने का योगदान देने के लिए कहा। भगवान परशुराम सेवा समिति के प्रधान सोनू शर्मा, राजबीर वशिष्ठ लुदाना, रामजुआरी, डा. कश्मीरी लाल, रामफल शास्त्री, रघुबीर उचाना, सोहन लाल शर्मा मुआना, विनोद शर्मा, आत्मा राम, पवन कालवा, अशोक शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा। फोटो :हरिभूमि

## पुलिस अधीक्षक ने अभेद्य एप के दिए व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा पुलिस द्वारा आमजन की सुरक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में पुलिस महानिदेशक हरियाणा अजय सिंघल द्वारा लॉच किए गए अभेद्य एप के व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह के कुशल नेतृत्व में सभी थाना प्रबंधक, डीएसपी, सीआईए स्टाफ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आमजन को अभेद्य एप से जोडऩे, इसकी उपयोगिता घर-घर तक पहुंचाने तथा जन जागरूकता अभियान को मिशन मोड में चलाने को लेकर विस्तृत दिशा.निर्देश दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में विदेशी नंबरों से आने वाली संदिग्ध व धमकी भरी कॉलों के प्रति सतर्कता अत्यंत आवश्यक है और अभेद्य एप इस दिशा में आमजन के लिए एक प्रभावी सुरक्षा कवच के रूप में कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि यह एप केवल एक तकनीकी माध्यम नही बल्कि नागरिक सुरक्षा से जुड़ा भरोसेमंद प्लेटफॉर्म है जो लोगों को संदिग्ध कॉलों की पहचान और उनसे बचाव के प्रति सजग बनाने में सहायक सिद्ध होगा। पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभेद्य एप के व्यापक प्रचार व प्रसार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा रेडियो, टीवी, केबल नेटवर्क, सोशल मीडिया, ग्राम चौपाल, स्कूल व कॉलेज, सार्वजनिक कार्यक्रमों एवं अन्य सभी उपलब्ध माध्यमों के जरिए आमजन तक इसकी जानकारी पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि हर स्तर पर यह सुनिश्चित किया जाए कि अधिक से अधिक नागरिक इस एप के बारे में जानें ओर इसका लाभ लें। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि यदि कोई नागरिक अभेद्य एप का उपयोग करना चाहता है तो संबंधित अधिकारी स्वयं व्यक्तिगत रूप से एप डाउनलोड करवाने, पंजीकरण कराने तथा इसकी सुविधाओं के उपयोग की जानकारी देने में सहयोग करें। इंचार्ज साइबर सेल शाखा कार्यालय पुलिस अधीक्षक जींद को इस कार्य के लिए अधिकृत किया गया है। जिला जींद में अब तक 45 नागरिकों को व्यक्तिगत रूप से यह एप डाउनलोड करवाया जा चुका है।

### लोगों को जागरूक करें

पुलिस अधीक्षक जींद ने अधिकारियों को कहा कि इस अभियान को केवल औपचारिकता न मान कर जनसुरक्षा के मिशन के रूप में लिया जाए और आमजन को संदेश दिया जाए कि तकनीक से सुरक्षा अब उनके हाथों में भी है। कहा कि अभेद्य एप जनभागीदारी आधारित ऐसा अभिनव प्रयास है जो नागरिकों और पुलिस के बीच सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करेगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने यह भी स्पष्ट किया कि आमजन को जागरूक किया जाए कि कोई भी असली पुलिस अधिकारी फोन पर ओटीपी या पैसे नहीं मांगता है। इसलिए किसी भी संदिग्ध कॉल पर घबराने के बजाय सतर्क रहना और सत्यापन करना आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सतर्क नागरिक ही सुरक्षित समाज की सबसे बड़ी शक्ति है। अभेद्य एप आमजन की सुरक्षा, विश्वास और जागरूकता को नई मजबूती देने वाला प्रभावी माध्यम है।

## भाजपा देश में विकास की बजाय जाति और धर्म की राजनीति को बढ़ावा दे रही : कर्मवीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे के वार्ड नंबर पांच में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद कर्मवीर बौद्ध के पहुंचने पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान स्थानीय लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में सोनीपत से सांसद सतपाल ब्रह्मचारी और बरोदा से विधायक इंदुराज नरवाल भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद कर्मवीर बौद्ध ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा देश में विकास की बजाय जाति और धर्म की राजनीति को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा समाज को बांटने का काम कर रही है। जिससे देश की एकता और भाईचारे को नुकसान पहुंच रहा है। कर्मवीर बौद्ध ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से सभी वर्गों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है और सामाजिक समरसता को मजबूत करने के लिए काम करती रही है। सोनीपत के सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि प्रदेश और देश की जनता अब बदलाव चाहती है और कांग्रेस ही एकमात्र विकल्प है ।



जुलाना। वार्ड पांच में राज्यसभा सांसद कर्मवीर बौद्ध का स्वागत करते लोग।

### तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ की फ्री यात्रा के लिए 30 तक करें पंजीकरण

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि हरियाणा सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत श्री हजूर साहिब नांदेड़ महाराष्ट्र के लिए पांच मई को कुरुक्षेत्र से विशेष ट्रेन रवाना होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस ट्रेन को झंडी दिखा कर प्रदेश के विभिन्न जिलों से जाने वाली संगत को रवाना करेंगे। कहा कि वरिष्ठ नागरिक जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक है और उनकी पारिवारिक आय एक लाख 80 हजार से कम है, वे इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। योजना का लाभ उठाने के लिए सरल हरियाणा पोर्टल पर 30 अप्रैल तक पंजीकरण किया जा सकता है। पात्र व्यक्ति नजदीकी सीएससी सेंटर या स्मार्ट फोन से सरल हरियाणा पोर्टल पर घर बैठे यात्रा के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत आवेदन करने के लिए कुछ आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य किए गए हैं।

## कैंप में 30 यूनिट रक्त एकत्रित

■ डा. योगेश नांदल के जन्मदिन पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नागरिक अस्पताल जींद के ब्लड बैंक में सर्व कल्याण मंच जींद द्वारा मंच डा. योगेश नांदल के जन्मदिन पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें 30 यूनिट रक्त एकत्रित किया। शिविर के संयोजक राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक लक्ष्य शर्मा ने बताया कि शिविर में जिला परिषद चेयरपर्सन के प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा ने मुख्यअतिथि शिरकत कर रिबन काटकर रक्तदान शिविर का शुभारम्भ किया। मार्कीटिंग बोर्ड के अधीक्षक अभियन्ता नवीन दहिया ने अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सर्व कल्याण मंच के जिला अध्यक्ष सुभाष ढिगाना, ब्राह्मण सभा जींद के प्रधान धर्मबीर पिंडारा, इन्द्रसिंह भारद्वाज आदि मौजूद रहे। मुख्यातिथि कुलदीप रंधावा ने कहा कि रक्तदान सबसे पुनीत कार्य है। इसलिए इसे महादान कहा गया है। इससे किसी भी जरूरतमंद की जान बचाई जाती है। यह एक इंसान का दुसरे इंसान के लिए एक अनमोल तोहफा होता है। सर्व कल्याण मंच द्वारा महापुरूषों की जयन्ती पर व मंच से जुड़े सदस्यों के जन्मदिन पर इस तरह रक्तदान कैंप लगाना बहुत ही सराहनीय कार्य है। इस मौके पर नरेश माथुर, महाबीर बिरौली, बलजीत पूनिया, सुशील सिंगला, बीरेंद्र लाठर, महाबीर पिलानिया आदि मौजूद रहे।



जींद। रक्तदाता को बैज लगाते मुख्यातिथि और मौजूद मंच पदाधिकारी।



जींद। बच्चों को मलेरिया के प्रति जागरूक करते हुए संदीप कुंडू। फोटो :हरिभूमि

### कोई भी बुखार हो सकता है मलेरिया : संदीप कुंडू

**जींद।** जुलाना के स्लम एरिया एवं राजकीय स्कूलों में बच्चों व स्कूल स्टाफ के सहयोग से जागरुकता रैली निकाली गई व मलेरिया व मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम हेतु आमजन के सहयोग बारे अपील की। स्वास्थ्य टीम से संदीप कुंडू ने जुलाना के लाइन पार एरिया में स्लम बस्ती एवं जुलाना मंडी के मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल में हेड टीचर प्रदीप कुमार के सहयोग से बच्चों को मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया के कारण, लक्षण, इलाज व बचाव के बारे विस्तृत जानकारी दी। स्वास्थ्य टीम ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि जागरूक रह कर मलेरिया, डेंगू के डंक से बचा जा सकता है। मलेरिया रोग मादा एनाफ्लिज मच्छर के काटने से होता है। जो कि छत पर रखे बर्तनों, टायर, गमले, फ्रीज ट्रे, कूलर, पानी की टंकी, घरों के आसपास बने गड्ढे, नालियों में पनपते हैं। सभी बच्चे अपने परिवार जनों के सहयोग से अपने घरों व आस व पड़ोस में खाली पड़े गड्ढों को मिट्टी से भर दें। घर में रखे सभी पानी के बर्तनों को ढक कर रखें।

## स्वामी दयानंद सरस्वती के योगदान को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्थानीय आर्य समाज मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्ध जनों ने स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन और उनके द्वारा दिखाए गए सत्य के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत भक्तिमय वातावरण में हुई। मंच का कुशल संचालन कर रही समाज की मंत्री विनीता आर्या ने ईश्वर भक्ति का एक मधुर भजन सुनाकर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुति ने कार्यक्रम में आध्यात्मिक ऊर्जा भर दी। मुख्य वक्ता के रूप में समाज के प्रवक्ता डा. रणबीर राठी आर्य ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने अत्यंत विकट परिस्थितियों में आर्य समाज का गठन कर हमें अंधकार से बाहर निकाला। उन्होंने हमें अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक करते हुए वेद मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर संरक्षक अशोक गुलाटी आर्य, प्रधान पवन आर्य, आनंद आर्य, कर्णदेव शास्त्री सहित समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी उपस्थित सदस्यों ने एक स्वर में आर्य समाज के प्रचार व प्रसार और समाज सेवा के कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।



जींद। यज्ञ में आहुति डालते हुए। फोटो :हरिभूमि



जींद। महिला को उसके परिजनों को सौंपते पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि

### पुलिस ने बिछड़ी महिला को सकुशल परिजनों से मिलवाया

**जींद।** धमतान साहिब चौकी पुलिस टीम ने मानवीय संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते रास्ता भटक कर क्षेत्र में पहुंची एक महिला को सुरक्षित संरक्षण प्रदान कर उसके परिजनों से सकुशल मिलवाया। धमतान साहिब चौकी पुलिस इंचार्ज ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी एक टीम रात्रि गश्त के दौरान गांव कालवन क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस टीम को करीब 50 वर्षीय एक महिला अकेली घूमती हुई मिली। जिसने राजस्थानी वेशभूषा धारण की हुई थी। महिला की स्थिति को देखते हुए पुलिस टीम ने तुरंत संवेदनशीलता दिखाते हुए उससे बातचीत की और सहायता की पेशकश की। पूछताछ में महिला ने अपना नाम सुवा पत्नी बाबू खान निवासी सोमलपुर रोड जीएन कॉलोनी अजमेर राजस्थानद्ध बताया। महिला के पास उपलब्ध पहचान पत्र आईडी के माध्यम से पुलिस टीम ने तत्परता से उसके परिजनों से संपर्क स्थापित किया।

### किसान चौक की तर्ज पर सेक्टरों में निर्माण की मांग

# सेक्टर छह, सात व नौ में बनवाए जाएं चौक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सेक्टर छह, सात और नौ में तीन जगह लोगों की चौक बनवाने की मांग है। इस साल एक जनवरी को सेक्टर आठ व नौ के मोड़ पर किसान चौक का उद्घाटन डिप्टी स्पीकर द्वारा किया गया था। इससे एक ओर जहां सेक्टर में सुंदरता बढ़ी है वहीं चौक बनने पर सड़क हादसों में भी कमी आएगी। लगभग दो साल पहले इसी मोड़ पर धुंध के चलते कार तेज गति से एक घर में घुस गई थी। इसमें गनीमत रही कि कार चालक को थोड़ी बहुत ही चोट लगी थी। इसके बाद सेक्टरवासियों ने चार अलग-अलग जगह चौक बनवाने की मांग शहरी विकास प्राधिकरण कार्यालय के अधिकारियों से की थी। इसमें से एक चौक सेक्टर आठ व नौ के मोड़ पर बन चुका है। सेक्टरवासियों का कहना है कि किसान चौक की तर्ज पर सेक्टरों में तीन जगह और चौक बनने चाहिए। इसमें सेक्टर छह, सात का मोड़, सेक्टर सात.आठ का मोड़, पेरीफेरी रोड से नहर के रास्ते बाईपास की ओर जाते समय चौराहे पर चौक बनना चाहिए। सेक्टरवासी सतबीर बांगड़, संजय शर्मा आदि ने कहा कि सोमनाथ मंदिर की ओर से सेक्टरों की ओर आते समय सेक्टर छह व सात और सेक्टर सात व आठ का चौराहा आता है। यहां वाहन तेज गति से चलते हैं। ऐसे में यहां हादसा होने का डर बना रहता है। सेक्टर सात व आठ के मोड़ पर सेक्टरवासियों ने चौराहे पर बड़ा पत्थर रखा हुआ है। इससे काफी हद तक हादसे कम होने की संभावना रहती है। सेक्टर छह, सात, आठ व सेक्टर नौ में लगभग 2500 मकान हैं। जहां लगभग आठ हजार लोग रहते हैं। सेक्टर की सड़कें सब्जी मंडी, सफीदों रोड, रोहतक-नरवाना हाईवे व हैबतपुर को जोड़ती हैं। सेक्टर सात-आठ के मोड़ पर 3 से चार निजी अस्पताल, सिविल अस्पताल व पालीक्लीनिक भी है।



जींद। सेक्टरों के मोड़ जहां चौक बनवाने की मांग है। फोटो :हरिभूमि

### सेक्टरों में बनवाए जाएंगे चौक : रोहित

एचएसवीपी के जेई रोहित ने बताया कि अभी पिछले दिनों सेक्टर आठ, नौ के मोड़ पर एक चौक का उद्घाटन डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा द्वारा किया गया था। एचएसवीपी का प्रयास है कि सेक्टरवासियों को बेहतर सुविधा दी जाए। सेक्टरों में लोगों की ओर से चौराहों पर चौक बनवाने की मांग को को लेकर उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है। इसके बारे में जैसे ही मुख्यालय से निर्देश मिलेंगे तो टेंडर प्रक्रिया के तहत चौक बनवाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।




जींद। दुकानदारों को जागरूक करते संस्था सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### लोगों से कूड़ा डस्टबिन में डालने का आह्वान किया

**जींद।** सामाजिक संस्था सोसाइटी फोर एडवांसमेंट ऑफ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट सेव ने देवीलाल चौक से भिवानी रोड, भगतसिंह मार्केट व रेलवे फाटक एरिया में स्वच्छता अभियान और जागरूकता अभियान चलाया। सेव संस्था द्वारा चलाए गए 463वां अभियान सेव संस्था प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में चलाया गया। संस्था सदस्यों ने स्वच्छता का महत्व समझाते लोगों को कूड़ा डस्टबिन में डालने का आह्वान किया। संस्था के सदस्यों ने लोगों को आह्वान किया कि स्वच्छता रखना एक भक्ति है जो लोग स्वच्छता में अपना सहयोग नहीं करते या स्वच्छता नहीं रखते। उनके लिए भगवान की भक्ति भी व्यर्थ है। क्योंकि परमात्मा स्वच्छता में ही रहते हैं। स्वच्छता भगवान का दूसरा रूप है, इसलिए स्वच्छता रखना अपने आप में भक्ति है। हम सभी ने स्वच्छता के प्रति जागरूक होना चाहिए। सभी ने डस्टबिन का प्रयोग करना चाहिए। कूड़ा डस्टबिन में डाल कर रखना चाहिए और वह डस्टबिन नगर परिषद की गाड़ी को देना चाहिए। हर आदमी स्वच्छता के महत्व को समझे और डस्टबिन का सही प्रयोग करें तो हमारा शहर, गांव और देश स्वच्छ होगा हमारा स्वास्थ्य भी सही रहेगा।

## खबर संक्षेप

### गोसेवा से की नई कार्यकारिणी की शुरुआत

**सीवन।** भारत विकास परिषद सीवन शाखा की नई कार्यकारिणी गठन के साथ ही सक्रिय हो गई है। शाखा के अध्यक्ष एवं अधिवक्ता रमेश राणा के नेतृत्व में सदस्यों ने गोशाला पहुंचकर सेवा कार्यों की शुरुआत की। कोषाध्यक्ष अनिल गर्ग ने बताया कि परिषद द्वारा सामाजिक व धार्मिक कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। कार्यक्रम के संयोजक रामपाल बंसल और तरसेम सैनी रहे।

### बीमा राशि दिलवाने के नाम पर 10 लाख हड़पे

**कैथल।** थाना कलायत पुलिस ने एक व्यक्ति की मृत्यु के बाद बीमा राशि दिलाने के नाम पर 10 लाख की राशि हड़पने के आरोप में बैंक कर्मचारी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कुराड की गीता ने बताया कि कुछ समय पूर्व उसके पति बलिंदर की मौत हो गई थी। उसके पति बलिंदर द्वारा गांव कुराड के भारतीय स्टेट बैंक में खाता था। बैंक कर्मचारी राजीव ने उसके पति की मौत पर 20 लाख की राशि बीमा के लिए दिलवाने की बात कही और 10 लाख हड़प लिए।

### कम पैदावार ने बढ़ाई जमीन ठेकेदार की चिंता

**पाई।** गेहूं की फसल की पैदावार कम होने से जमीन के ठेके के भाव कम हो सकते हैं। किसान महावीर, रामकुमार, बलवान ने बताया कि कुछ किसानों के पास खेती करने के लिए जमीन नहीं है, ऐसे में वे जमीन ठेके पर लेकर खेती करते हैं। हर वर्ष ठेका बढ़ता जा रहा था। पिछले वर्ष ठेका 70 हजार रुपए से 80 हजार रुपए प्रति एकड़ हो गया था। उन्होंने बताया कि पैदावार कम होने किसानों पर कर्ज चढ़ रहा है।

### 9.71 ग्राम हेरोइन के साथ आरोपी काबू

**कैथल।** एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ ने थाना सदर क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 9.71 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) सहित काबू किया है। बताया की पुलिस ने गांव खुराना में गश्त व संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर रही थी। गुप्त सूचना पर सुभाष नगर कैथल निवासी हैप्पी को नशीला पदार्थ हेरोइन (चिट्टा) के साथ काबू कर लिया। तलाशी ली गई तो आरोपी की कैफरी की जेब से एक पॉलीथिन में 9.71 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद हुई।

### डाकखाना कर्मी के घर से लाखों के जेवरात चुराए

**कैथल।** वार्ड नंबर 3 में चोरों ने पोस्ट ऑफिस कर्मी के बंद मकान से करीब 7 लाख रुपए के सोने के गहने चोरी कर लिए। चीका थाना पुलिस को दी शिकायत में सरोज ने बताया कि वह पोस्ट ऑफिस भागल में कार्यरत है। 23 अप्रैल की सुबह ड्यूटी पर गई थी। शाम को हरसौला चली गई और अगले दिन ड्यूटी करने के बाद घर पहुंची तो चौबारे का ताला टूटा मिला और कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर बेड में रखे गहने गायब मिले।

### महिला से पर्स छीनने के मामले में आरोपी काबू

**कैथल।** शहर थाना क्षेत्र में महिला से पर्स छीनने के मामले में आरोपी को काबू कर लिया गया। एक अन्य आरोपी वांछित हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि देवीगढ़ रोड कैथल निवासी महिला सीमा की शिकायत अनुसार वह भगत सिंह चौक स्थित साड़ी की दुकान पर कार्य करती है। 24 अगस्त 2025 की को दुकान से घर जाते समय बाइक सवार दो युवकों ने उसका पर्स छीन लिया था।

---

**मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने की भगवान परशुराम की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत**


### नौजवानों को योग्यता के आधार पर मिल रहीं नौकरियां

# भगवान परशुराम के विचारों से मजबूत होगी सनातन संस्कृति : डॉ. अरविंद शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम जी की जयंती पूरे देश में बड़े धूमधाम से मनाई जा रही है। भगवान परशुराम विष्णु के छठवें अवतार हैं। परशुराम किसी वर्ग विशेष के नहीं अपितु पूरे समाज के आराध्य हैं। उन्होंने अन्याय और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष कर सर्व समाज के हित में कार्य किया। भगवान परशुराम के विचारों से सनातन संस्कृति को मजबूती मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी भगवान परशुराम द्वारा दिखाए गए गए मार्ग पर चलते हुए समाज हित में कार्य कर रहे हैं, जिससे सनातन संस्कृति को मजबूती मिली है। मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा रविवार को ब्राह्मण धर्मशाला कैथल में भगवान परशुराम की जयंती के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने भगवान परशुराम मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की। इस दौरान मंत्री अरविंद शर्मा व प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को देखा व सुना। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, कैथल प्रभारी अमरपाल राणा, जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, नगर परिषद के चेयरपर्सन सुरभि गर्ग, बीजेपी वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर, पूर्व जिलाध्यक्ष मुनीष कठवाड़, सांसद नवीन जिंदल के प्रतिनिधि रविंद्र धीमान, जभगवान शर्मा, जिले राम पिचौलिया, विक्की शर्मा, मुनीष शर्मा, अशोक शर्मा, सतबीर भाणा आदि मौजूद रहे।

**प्रधानमंत्री भी भगवान परशुराम के दिखाए मार्ग पर चलते हुए समाज हित में कार्य कर रहे**

**कैथल।** मंच पर बैठे सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा व भगवान परशुराम जयंती समारोह का शुभारंभ करते डॉ. अरविंद शर्मा और मोहन लाल बडौली। *फोटो: हरिभूमि*

#### गोवा भगवान परशुराम की कर्मस्थली

मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि गोवा भगवान परशुराम की कर्म स्थली रही है। इसके अलावा भगवान परशुराम के जन्म को लेकर प्रधानमंत्री द्वारा शोध पीठ गठित किया था, जिसमें विद्वान शामिल हुए। इनके द्वारा शोध पाया गया कि भगवान परशुराम का जन्म इंदौर के पास जानापाव स्थल पर हुआ है। इस भूमि को हमें प्रणाम करने के लिए दर्शन हेतु जाना चाहिए। इसके अलावा अरूणाचल प्रदेश में भी एक भगवान परशुराम कुंड बना हुआ है। गोवा में सात दिन तक चलने वाली कथा को पंडित दलीप शास्त्री जी करते हैं। हमें इस कथा को सुनना चाहिए। यह कथा हरियाणा में भी होनी चाहिए, जिससे भगवान परशुराम के जीवन के बारे में पूरा ज्ञान मिलता है। जिला स्तर पर भी एक-एक बार कथा होनी चाहिए।

#### भगवान परशुराम ने अधर्म का नाश किया

नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने कहा कि भगवान परशुराम ने अन्याय और अधर्म का नाश किया है। इसी पथ पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सुरक्षा के लिए अनेक कदम उठाए। नगर परिषद द्वारा 10 लाख रुपये की लागत से भगवान परशुराम चौक का निर्माण करवाया गया, लगभग 10 लाख रुपये की धनराशि से लाईब्रेरी, लगभग 20 लाख रुपये की लागत से भव्य हाल का निर्माण करवाया गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार में धन की कोई कमी नहीं है, अनेकों विकास कार्य जिला व प्रदेश स्तर पर किए जा रहे हैं। विकास कार्यों में प्रदेश निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने ब्राह्मण धर्मशाला में 31 लाख रुपये देने की घोषणा भी की। सांसद नवीन जिंदल के प्रतिनिधि रविंद्र कुमार धीमान भी कार्यक्रम में पहुंचे। सांसद नवीन जिंदल द्वारा भी ब्राह्मण धर्मशाला में 11 लाख रुपये देने की घोषणा की।

#### देश को नई ऊंचाई पर ले जा रहे पीएम

*सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को विश्व में नई ऊंचाइयों पर लेकर जा रहे हैं। पूरे विश्व में भारत का डंका बजता है। भारत की सनातन संस्कृति को मजबूत किया है, जिस पर देश चल रहा है। इसके दृष्टिगत देश में एकजुटता आई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा भगवान परशुराम के नाम से 900 करोड़ रुपये की लागत से मेडिकल कॉलेज बनाया जा रहा है। उन्होंने ब्राह्मण धर्मशाला कैथल के लिए पहले की गई घोषणा के अंतर्गत 26 लाख रुपये तथा नई घोषणा के तहत 11 लाख रुपये देने की घोषणा की है।*

#### भगवान परशुराम ने धर्म रक्षा को उठाए शस्त्र

*बीजेपी के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली कहा कि भगवान परशुराम जी की जयंती लगातार एक महीनें तक बड़े धुमधाम से मनाई जा रही है। प्रत्येक वर्ष जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। भगवान परशुराम तपोनिष्ठ, त्यागमूर्ति और पितृभक्त थे। उन्होंने केवल समाज हित और धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र उठाए। समाज को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने तथा एकजुट रहने की जरूरत है।*

---

## नाबालिग को परिजनों से मिलाया

- परिजनों से नाराज होकर घर से चला गया था, पंजाब के अमृतसर में मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

थाना पूंडरी एसएचओ इंस्पेक्टर शिव कुमार की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 17 वर्षीय लापता नाबालिग को ढूंढ़ने में बड़ी सफलता मिली है। डीएसपी रमेश चंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव पाई निवासी की शिकायत अनुसार उसका 17 वर्षीय लड़का किसी बात से नाराज होकर 24 अप्रैल को घर से ट्यूशन पढ़ने की कहकर गया था, लेकिन घर नहीं लौटा। परिजनों ने अपने स्तर पर रिश्तेदारों, परिचितों तथा आसपास के क्षेत्रों में काफी तलाश की, लेकिन उसका सुराग नहीं लगा। बच्चे के मोबाइल नंबरों पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन फोन बंद मिला। जिस बारे थाना पुंडरी में मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे खोज निकाला।



**कैथल।** जानकारी देते डीएसपी रमेश चंद्र। *फोटो: हरिभूमि*

#### 25 दिन में 150 गुमशुदा को ढूंढा

अप्रैल माह में ऑपरेशन स्माइल अभियान के तहत कैथल पुलिस द्वारा एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के नेतृत्व में 25 दिन मध्य उल्लेखनीय कार्य करते हुए 150 गुम हुए व्यक्तियों को ढूंढा गया, जिनमें 21 बच्चे तथा 129 व्यस्क महिला/पुरुष शामिल हैं।

## बच्चों की शिक्षा में सहयोग दें अभिभावक

- दर्शन अकादमी में हुआ अभिभावक उन्मुखीकरण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

दर्शन अकादमी प्रताप गेट कैथल के विद्यालय परिसर में अभिभावक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार पाण्डे ने की। इस अवसर पर एल.एम.सी. सदस्यगण तथा विद्यालय के प्रबंधक आर एल गंभीर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। प्रधानाचार्य महोदय ने अपने संबोधन में अभिभावकों को नई शिक्षा पद्धति, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा 21वीं सदी के कौशलों के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों की शिक्षा में सक्रिय सहयोग दें, जिससे वे जीवन में सफलता हासिल करें।




**कैथल।** कार्यक्रम में भाग लेते अभिभावक। *फोटो: हरिभूमि*

#### जागरूक रहने का संदेश

प्रबंधक ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय और अभिभावकों के संयुक्त प्रयास से ही बच्चों का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है। एल.एम.सी. सदस्यों ने भी अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने विभिन्न विषयों, गतिविधियों तथा विद्यालय की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। अभिभावकों ने भी अपने सुझाव साझा किए, जिन्हें विद्यालय प्रशासन ने सराहा। अंत में सभी अभिभावकों का धन्यवाद किया गया और कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

---



## किठाना पब्लिक स्कूल में स्कॉलरशिप कम असेसमेंट टेस्ट का सफल आयोजन

**राजौंद।** किठाना पब्लिक स्कूल किठाना में रविवार को स्कॉलरशिप कम असेसमेंट टेस्ट का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक योग्यता का आकलन करना तथा उनकी बौद्धिक क्षमता को परखना रहा। इस टेस्ट में आसपास के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा के दौरान अनुशासन एवं पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे सभी विद्यार्थियों को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा देने का अवसर मिला। विद्यालय निर्देशक डॉ. सुमन ढांडा एवं उप-प्राचार्य राजेंद्र भारद्वाज ने परीक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के परीक्षण विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानने और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने इस सफल आयोजन पर खुशी व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों को निरंतर जारी रखने का आश्वासन दिया।

## पूर्व स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता से मिला निजी स्कूल संचालक संघ का प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭कलायत

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ हरियाणा निजी स्कूल संघ की महत्वपूर्ण बैठक हो सकती है। इस बातचीत में हरियाणा विधानसभा पूर्व स्वीकर ज्ञान चंद गुप्ता अहम कड़ी बनने जा रहे हैं। निजी स्कूल संचालक संघ जिला कैथल के प्रतिनिधिमंडल की विधानसभा के पूर्व स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता से पंचकूला में मुलाकात हुई। इस दौरान संघ की तरफ से जिला प्रधान कुलदीप बिढान, चेयरमैन कुलदीप पुनिया, प्रदेश उप प्रधान जोगेंद्र ढुल, प्रवीण प्रजापति, सलिंद्र सहारण, रामदिया कुंडू व सतबीर सहारण मुख्य रूप से शामिल रहे। पदाधिकारियों ने निजी विद्यालयों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और चुनौतियों को लेकर पूर्व विधानसभा स्पीकर के साथ विस्तार से चर्चा की। संघ सदस्यों ने बताया कि बातचीत का मुख्य विषय निजी स्कूलों की मान्यता, फीस संबंधी नियमों, प्रशासनिक प्रक्रियाओं व व्यावहारिक दिक्कत रही। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में निजी विद्यालय कई प्रकार की नीतिगत और आर्थिक समस्याओं का सामना कर रहे हैं।



**कलायत।** पूर्व स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता का स्वागत करते निजी स्कूल संगठन पदाधिकारी।



## पक्षियों के लिए कसोरे बांटकर समाज को दी जीव सेवा की प्रेरणा

**कैथल।** समाज में जीव दया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसारित करने के उद्देश्य से श्री नर नारायण सेवा समिति द्वारा पिहोवा चौक पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन ने न केवल बेजुबान पक्षियों के लिए राहत का प्रबंध किया, बल्कि जनमानस को भी जीव सेवा के प्रति प्रेरित किया। समिति द्वारा नागरिकों को पक्षियों के लिए मिट्टी के कसोरे और तुलसी के पौधे वितरित किए गए। समिति के प्रधान रविंद्र गर्ग ने उपस्थित लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि मानव सेवा के साथ मूक प्राणियों की रक्षा हमारा धर्म है। मुख्य अतिथि समाजसेवी सुमेर चौधरी और भूपेश अग्रवाल ने कहा कि इस भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना सबसे बड़ा पुण्य है। इस अवसर पर अतिथि मंडल में नगर पार्षद रोहन मित्तल, देवीदास राजराणा, डॉ. पल्लव, दिनेश ढुल और नवीन मित्तल मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश गर्ग, राजेश गोयल, अमित मित्तल, नरेश बंसल, सतीश मित्तल, अंजली राठी, कमल किशोर गुप्ता, राजेश गर्ग बालू, श्याम लाल,अश्वनी गुप्ता मौजूद रहे।

---

### आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लघु नाटिका का मंचन

# बेटियों ने बयां की दहेज के दंश से टूटते रिश्तों की कहानी तो हर दिल में उठा दर्द, हर आंख हुई नम

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जाखौली में दहेज प्रथा जैसी गंभीर सामाजिक कुरीति के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक भावुक एवं प्रभावशाली लघु नाटिका का मंचन किया गया। विद्यार्थियों की सजीव प्रस्तुति ने उपस्थित दर्शकों के दिलों को छू लिया और पूरे वातावरण को भावुक बना दिया। नाटिका के माध्यम से एक बेटी के दर्द, माता-पिता की बेबसी और दहेज के कारण टूटते रिश्तों की सच्चाई को बेहद मार्मिक ढंग से दर्शाया गया। कलाकारों के अभिनय ने ऐसा प्रभाव छोड़ा कि कई दर्शकों की आंखें नम हो गईं और सभी को इस सामाजिक बुराई के खिलाफ सोचने पर मजबूर होना पड़ा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य ओ. पी. शर्मा ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बेटी कभी बोझ नहीं होती, बल्कि वह परिवार का गर्व और समाज की शान होती है। उन्होंने दहेज प्रथा को जड़ से खत्म करने का आह्वान करते हुए विद्यार्थियों के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रस्तुतियां समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।



**राजौंद।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दहेज प्रथा के खिलाफ प्रस्तुत की गई भावुक लघु नाटिका का दृश्य। *फोटो: हरिभूमि*

#### शिक्षकों ने किया विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन

आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। शिक्षकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। अंत में प्रधानाचार्य ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को इस उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए बधाई दी तथा भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रेरित किया।

## दुकानदार खुद हटाएं अतिक्रमण, नहीं तो नपा प्रशासन चलाएगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

शहर के दुकानदारों को नगर पालिका प्रशासन की ओर से सख्त निर्देश जारी किए गए हैं कि वह अपनी दुकानों के आगे किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें। विशेष रूप से उन दुकानदारों को चेताया गया है जिन्होंने अपना सामान नालों के बाहर रखा हुआ है या जिनके छप्पर व शेड नालों की सीमा से बाहर तक फैले हुए हैं। नगर पालिका (नपा) प्रशासन राजौंद ने स्पष्ट किया है कि ऐसे सभी दुकानदार रविवार शाम तक स्वयं अतिक्रमण हटा लें। इसके लिए प्रशासन द्वारा पुरे शहर में मुनियां दी भी कराई गई है। यदि निर्धारित समय सीमा तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो जिला प्रशासन के निर्देशानुसार नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। प्रशासन ने साफ किया है कि अभियान के दौरान हटाए गए अतिक्रमण की जिम्मेदारी संबंधित दुकानदार की होगी और किसी भी प्रकार के नुकसान के लिए वह स्वयं जिम्मेदार रहेगा। अधिकारियों ने कहा कि शहर को स्वच्छ और यातायात के अनुकूल बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है।



**राजौंद।** दुकानों के आगे अतिक्रमण हटाने को लेकर मुनादी करवाते कर्मचारी।

### शराब तस्करी मामले में बेलजंपर आरोपी काबू

**कैथल।** एसएचओ इंस्पेक्टर गीता की अगुवाई में एएसआई राजीव की टीम द्वारा आरोपी रेलवे गेट कैथल निवासी रामफल उर्फ राहुल को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी को थाना शहर पुलिस द्वारा 19 फरवरी 2023 को पेहवा चौंक से 48 बोतल देसी शराब सहित काबू किया गया था। मामले में आरोपी जमानत हासिल करने उपरांत न्यायालय में हाजिर में नहीं हुआ था।

### मारपीट में एक घायल

**कैथल।** कस्बा चीका में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। कस्बा चीका के संदीप ने चीका पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 17 अप्रैल को जब वह बलबेहड़ा रोड गुरुकुल वाली गली से जा रहा था तो इसी दौरान कुलदीप व दीपक ने अन्य साथियों ने मिलकर लोहे की राड तथा डंडों से मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### सद्भाव यात्रा को मिला भरपूर समर्थन : दनौदा

**उचाना।** सद्भाव यात्रा की शुरूआत से लेकर अब तक कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह के कदम से कदम मिलकार साथ चलने वाले युवा कांग्रेस नेता राममेहर दनौदा ने कहा कि सद्भाव यात्रा से सत्ता पक्ष के नेताओं की नींद उड़ा दी है। इस यात्रा को मिल रही सफलता के बाद से सत्ता पक्ष के नेता यात्रा को लेकर तरह-तरह की बयान-बाजी जारी कर रहे हैं।

### पूर्व सीएम भजन लाल पर आरोप शर्मनाक : पालवां

**उचाना।** पूर्व सीएम स्व. भजन लाल के संबंध में भाजपा राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा द्वारा दिया गया बयान अत्यंत आपत्तिजनक, निराधार एवं मर्यादा के विपरीत है। इस प्रकार के शब्दों का प्रयोग न केवल एक वरिष्ठ एवं जनप्रिय नेता के सम्मान को ठेस पहुंचाता है, बल्कि प्रदेश की राजनीतिक संस्कृति को भी दूषित करता है। ये बात कुलदीप बिश्नोई के नजदीकी साथी एवं भाजपा नेता प्रमोद पालवां ने कही।

### किशोर से दो ने किया कुकर्म, बनाया वीडियो

**जींद।** पिल्लूखेड़ा थाना इलाका गांव में किशोर के साथ दो युवकों द्वारा कुकर्म करने का मामला सामने आया है। पिल्लूखेड़ा थाना इलाका गांव के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 15 अप्रैल शाम को गांव के ही लक्ष्य तथा अंकुश ने उसके किशोर बेटे के साथ कुकर्म किया। जिसका आरोपितों ने अश्लील वीडियो भी बना लिया। जिसके बाद आरोपितों ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर रुपये भी ऐंठने शुरू कर दिए। आरोपितों ने उसका वीडियो वायरल कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### अलग-अलग स्थानों से महिला तथा युवती गायब

**जींद।** गांव दालमवाला निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 20 वर्षीय पत्नी घर से गायब हो गई। वहीं उचाना से भी गत 18 अप्रैल को एक युवती गायब हो गई। दोनों अभिभावकों ने युवती तथा महिला को तलाशा भी लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं।

# डिजिटल अरेस्ट पर लगेगी लगाम, डबल ओटीपी बनेगा सुरक्षा की नई पहचान

■ वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


एसपी कुलदीप सिंह

पुलिस महानिदेशक हरियाणा अजय सिंघल के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक जींद कुलदीप सिंह ने साइबर अपराधों की रोकथाम एवं आमजन, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से जिला जींद के सभी प्रबंधक अफसर, सभी सीआईए स्टाफ , जिला जींद के सभी उप पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक आयोजित की। पुलिस अधीक्षक ने बैठक में सुरक्षा प्रणाली के तकनीकी पहलुओं, कार्यप्रणाली तथा आमजन तक इसकी पहुंच सुनिश्चित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी तकनीकी रूप से बैंक खातों को हैक करने के बजाय लोगों को मानसिक दबाव, भय, झूठे कानूनी मामलों, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी निवेश योजनाओं तथा सरकारी अधिकारी बनकर प्रतिरूपण (इम्पर्सोनेशन) जैसे तरीकों से भ्रमित कर स्वयं उनसे ओटीपी सांझा करवा कर ठगी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। ऐसे मामलों में पारंपरिक एकल ओटीपी प्रणाली कई बार पर्याप्त सुरक्षा प्रदान नहीं कर पाती। इसी चुनौती से निपटने के लिए डबल ओटीपी प्रणाली एक प्रभावी सुरक्षा कवच के रूप में सामने आई है। उन्होंने बताया कि इस प्रणाली के अंतर्गत पहले चरण में सामान्य ओटीपी संबंधित वरिष्ठ नागरिक के मोबाइल नंबर पर प्राप्त होता है। जबकि दूसरे चरण में एक अतिरिक्त ओटीपी अथवा पुष्टि कॉल उस विश्वसनीय व्यक्ति के पास जाती है, जिसे खाताधारक ने अपने परिजन अथवा भरोसेमंद संपर्क के रूप में नामित किया होता है। दोनों स्तरों पर सत्यापन पूर्ण होने के बाद ही लेन-देन संपन्न होता है। यह व्यवस्था लेन-देन प्रक्रिया में एक अतिरिक्त सुरक्षा विराम प्रदान करती है। जिससे संदिग्ध परिस्थितियों में धोखाधड़ी की संभावना को काफी हद तक रोका जा सकता है। पुलिस अधीक्षक जींद ने कहा कि यह पहल विशेष रूप से 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों, पेंशनधारकों एवं अकेले रहने वाले व्यक्तियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। क्योंकि साइबर अपराधी अक्सर इस वर्ग को आसान लक्ष्य बनाते हैं। बड़ी राशि के लेन-देन पर दोहरी पुष्टि की व्यवस्था उन्हें आर्थिक नुकसान से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने बताया कि फिलहाल यह सुविधा वरिष्ठ नागरिकों के लिए शुरू की गई है तथा भविष्य में इसके दायरे को चरणबद्ध रूप से विस्तारित किए जाने की योजना है।

बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि डबल ओटीपी प्रणाली के प्रति अधिक से अधिक जागरूकता फैलाने हेतु बैंकिंग संस्थानों, सार्वजनिक कार्यक्रमों, सोशल मीडिया, रेडियो, केबल नेटवर्क एवं अन्य प्रचार माध्यमों का प्रभावी उपयोग किया जाए ताकि अधिकाधिक लोग इस सुरक्षा सुविधा से जुड़ सकें। पुलिस अधीक्षक जींद ने कहा कि डबल ओटीपी प्रणाली साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण और दूरगामी पहल है, जो आर्थिक अपराधों की रोकथाम में निर्णायक साबित हो सकती है। यह केवल तकनीकी सुविधा नही बल्कि आमजन विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों को मानसिक दबाव आधारित साइबर ठगी से सुरक्षित रखने की एक मजबूत सुरक्षा परत है।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सुरक्षा कवच

उन्होंने कहा कि डिजिटल अरेस्ट, फर्जी निवेश और अन्य ऑनलाइन धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों को देखते हुए यह व्यवस्था समय की आवश्यकता है। जब भी कोई संदिग्ध या दबावपूर्ण परिस्थिति उत्पन्न हो, यह दोहरी सत्यापन प्रक्रिया व्यक्ति को सोचने और ठगी को पहचानने का अवसर देती है। जिससे अपराधियों की मंशा विफल हो सकती है। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील की है कि वे अपने बैंक खातों में डबल ओटीपी, ड्यूल ऑथेंटिकेशन सुविधा सक्रिय करवाने की दिशा में पहल करें तथा किसी विश्वसनीय परिजन अथवा परिचित को अपने सुरक्षा संपर्क के रूप में जोड़ें। साथ ही किसी भी संदिग्ध कॉल, दबाव, धमकी अथवा साइबर ठगी की आशंका होने पर तुरंत पुलिस हेल्पलाइन अथवा निकटतम पुलिस स्टेशन से संपर्क करें। साइबर सुरक्षा केवल तकनीक नही बल्कि जागरूकता, सतर्कता और सामूहिक भागीदारी से ही मजबूत हो सकती है। डबल ओटीपी प्रणाली इसी दिशा में एक सशक्त और भरोसेमंद कदम है।

## पहला कदम फाउंडेशन ने चलाया जल संरक्षण अभियान

# दैनिक जीवन में जल का विवेकपूर्ण उपयोग कर बचाने की दिलाई शपथ

*हर बूंद की कीमत समझो, जल है तो कल है : राजेश वशिष्ठ*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। जल बचाने का संदेश देते हुए बच्चे। फोटो : हरिभूमि

जल संकट की बढ़ती समस्या को देखते हुए पहला कदम फाउंडेशन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश वशिष्ठ के नेतृत्व में एक व्यापक जल बचाव अभियान का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से चलाए गए इस अभियान में नुक्कड़ नाटक, रैलियों और जनसभाओं के माध्यम से आम जनता को जल के महत्व और उसके संरक्षण की आवश्यकता के बारे में जागरूक किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश वशिष्ठ ने कहा कि जल का अत्यधिक दोहन आज एक गंभीर समस्या बन चुका है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं किया गया तो आने वाली पीढ़ियों को भीषण जल संकट का सामना करना पड़ेगा। जल जीवन का आधार है और इसका संरक्षण हर नागरिक का कर्तव्य है। हम सभी को यह समझना होगा कि पानी की हर बूंद कीमती है और इसे बर्बाद करना अपराध के समान है। उन्होंने बताया कि पहला कदम फाउंडेशन के सदस्य पूरे देश में अलग-अलग स्थानों पर जाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। यह अभियान केवल शहरों तक सीमित नहीं है बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी इसे व्यापक रूप से चलाया जा रहा है, जहां जल संकट अधिक गंभीर है। इस अभियान का उद्देश्य केवल संदेश देना नहीं है बल्कि लोगों की सोच और व्यवहार में बदलाव लाना है। जब तक हर व्यक्ति जल बचाने की जिम्मेदारी नहीं समझेगा और अपने दैनिक जीवन में इसे लागू नहीं करेगा, तब तक यह अभियान अधूरा रहेगा। हमें यह समझना होगा कि जल संरक्षण कोई विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन द्वारा विभिन्न माध्यमों से लोगों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से मनोरंजक तरीके से गंभीर संदेश दिया जा रहा है, जबकि रैलियों के माध्यम से बड़े पैमाने पर जनजागरूकता फैलाई जा रही है। फाउंडेशन की रणनीति में बच्चों को केंद्र में रखा गया है। राजेश वशिष्ठ ने बताया कि विद्यालयों में बच्चों को जल संरक्षण के लिए विशेष रूप से प्रेरित किया जा रहा है। बच्चे ही भविष्य के जिम्मेदार नागरिक हैं। यदि हम उन्हें आज जल संरक्षण का महत्व समझा दें तो वे न केवल स्वयं इसका पालन करेंगे बल्कि अपने परिवार और समाज को भी प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने के लिए विद्यालयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बच्चों को रैलियों में शामिल किया जा रहा है, जहां वे नारे लगाकर और पोस्टर प्रदर्शित करके जल संरक्षण का संदेश फैला रहे हैं। इसके अलावा, गांवों में नुक्कड़ नाटक, बैठकों और संवाद कार्यक्रमों के जरिए लोगों को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का महत्व समझाया जा रहा है। संस्था के संरक्षक एवं पूर्व प्रधानाचार्य रमेश चंद्र शर्मा ने कहा कि जल बचाव केवल सरकार या संस्थाओं की जिम्मेदारी नही है बल्कि यह हर नागरिक का नैतिक दायित्व है।

### पारंपरिक जल स्रोतों को बचाना होगा

उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के लिए पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक तकनीक दोनों का उपयोग करना होगा। हमारे पूर्वजों ने जल संरक्षण की अद्भुत प्रणालियां विकसित की थी, जैसे बावड़ियां, तालाब और कुएं। हमें इन पारंपरिक जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने के साथ-साथ वर्षा जल संचयन जैसी आधुनिक तकनीकों को भी अपनाना होगा, उन्होंने सुझाव दिया।

### जल बचाने के उपाय बताए

इस अवसर पर गौरव शर्मा, एडवोकेट मनोज कुमार, सुनील दत्त, मांगे राम, अर्चना सहित कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी ने मिलकर लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई और जल बचाने के लिए छोटे-छोटे कदम उठाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने यह प्रतिज्ञा की कि वे अपने दैनिक जीवन में जल का विवेकपूर्ण उपयोग करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। अभियान के दौरान लोगों को कई व्यावहारिक उपाय बताए गए। जिन्हें अपनाकर वे जल संरक्षण में योगदान दे सकते हैं। इनमें वर्षा जल संचयन प्रणाली स्थापित करना, नल और पाइपों की नियमित जांच कर रिसाव रोकना, कृषि में ड्रिप इरिगेशन का उपयोग, घरेलू कार्यों में पानी का सीमित उपयोग और पारंपरिक जल स्रोतों का संरक्षण शामिल हैं। फाउंडेशन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भागीदारी करें और जल संरक्षण को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं।



**कैथल।** नि:शुल्क महिला स्वास्थ्य जांच शिविर मे लाभ लेतीं महिलाएं।

# जब नारी स्वस्थ होगी, तभी परिवार मजबूत होगा : निधि

गांव सांच में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पुंडरी क्षेत्र के गांव सांच ब्राह्मण चौपाल में एक किरण उम्मीद की संस्था द्वारा निःशुल्क महिला स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में आसपास के गांवों से आई महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गांव सरपंच सुरेश और नरेश शर्मा युवा क्लब सांच का विशेष योगदान रहा ।

शिविर के दौरान महिलाओं की सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ स्त्री रोग संबंधी समस्याओं पर विशेष परामर्श दिया गया। अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने महिलाओं को सही खान-पान, स्वच्छता, और नियमित जांच के महत्व के बारे में जागरूक किया। इस आयोजन में ओम मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल पुण्डरी से डॉ. सुखविंदर कौर और डॉक्टर रेणु का विशेष सहयोग रहा, जिनके सहयोग से महिलाओं को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई गईं। शिविर में आई महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे बेहद उपयोगी बताया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया, ताकि महिलाएं अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें और समय-समय पर जांच करवाती रहें।

संस्था की अध्यक्ष निधि मोहन ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के शिविर अत्यंत आवश्यक हैं, क्योंकि कई बार महिलाएं जागरूकता की कमी के कारण अपनी स्वास्थ्य समस्याओं को नजरअंदाज कर देती हैं। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य हर महिला तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है।आज 52 महिला चेकअप किया गया उन्होंने आगे कहा कि एक किरण उम्मीद की संस्था भविष्य में भी समाज सेवा के ऐसे कार्य करती रहेगी और जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी। आज कविता शर्मा, वंदना मित्तल, बबीता सिंगला, अंकुर शर्मा, अंजलि, कृष्ण शर्मा आदि मौजूद रहे।

## विधायक सुरजेवाला ने जगदीशपुरा में गली का किया उद्घाटन


कैथल। विधायक आदित्य सुरजेवाला गली का उद्घाटन करते हुए।

**कैथल।** कैथल विधानसभा से कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला क्षेत्र के गांवों में विकास कार्यों को लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। रविवार को उन्होंने अपने हलके के गांव जगदीशपुरा में 25 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित पेवर ब्लॉक गली का उद्घाटन किया। विधायक आदित्य सुरजेवाला ने उद्घाटन अवसर पर कहा कि जगदीशपुरा के ग्रामवासियों की लंबे समय से लंबित मांग को पूरा किया गया है। सरपंच सुनीता देवी और सरपंच प्रतिनिधि हरजिंदर सिंह ने समस्त ग्रामवासियों की ओर से विधायक आदित्य सुरजेवाला का धन्यवाद व्यक्त किया। विपक्ष में रहते हुए कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला अभी तक गांव जसवंती, बलवंती, खुराना, फ्रांसवाला, सांगन, दुंधरेहडी व कैथल शहर में वार्ड 21, वार्ड 11, वार्ड 13, वार्ड 5, वार्ड 3 में भी करवाए गए विकास कार्यों का उद्घाटन कर चुके हैं। इस अवसर पर सरपंच सुनीता देवी, सरपंच प्रतिनिधि हरजिंदर सिंह, सरदार सतनाम सिंह, कुलदीप सिंह, सूबेदार रवेल सिंह, सुखविन्द्र सिंह फौजी, परवीन कुमार वाल्मीकी, सतबीर गुर्जर, मणिया सैनी, काला सैनी, कृष्ण कुमार वाल्मीकी, गुरमीत पंच, फुमन सिंह, प्रीतम दास खत्री, विनोद वाल्मीकि उपस्थित रहे।

## जिनको लोग घर में नहीं जानते, वो बन जाते हैं सर्व खाप प्रधान : जांगड़ा


जींद। राज्यसभा सदस्य रामचंद्र जांगड़ा का स्वागत करते हुए संदीप आर्य घोघड़िया।

**उचाना।** घोघड़िया गांव में जिम का उद्घाटन करने के बाद पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं भाजपा नेता रामचंद्र जांगड़ा संदीप आर्य के निवास पर पहुंचे। यहां पहुंचने पर उनका स्वागत किया। हिसार पुलिस व दुष्यंत चौटाला के बीच चल रहे मामले पर भाजपा नेता ने कहा कि दुष्यंत चौटाला का हिसार पुलिस वाला मामला कोई गंभीर विषय नहीं है। ये अपना प्रचार ज्यादा करवा रहे हैं। इस प्रकरण में उनके साथ कोई बदतमीजी नहीं हुई है ना ही गाड़ी के साथ कुछ हुआ है। हिसार में छात्र महापंचायत को लेकर खाप, पंचायतों को निमंत्रण दिए जाने पर रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि पंचायतों का आदर करता हूं, लेकिन मैं कितने ही ऐसे लोगों को भी जानता हूं जिनको लोग घर में नहीं जानते और वो अपने आप में सर्व खाप का प्रधान खुद को बताते हैं। पता नहीं कितनी पंचायतें आज बनी हुई है। पहले पंचायतों की बहुत गरिमा होती थी, उनके निर्णयों को माना जाता था। इन चीजों में खाप-पंचायतों को जाना, राजनीति करना, ये कोई शोभा नहीं देता। इस मौके पर कश्मीरी लाल, पूर्व सरपंच बिजेंद्र, सुमेर चाबरी, कुलदीप नैन, धर्मबीर जांगड़ा मौजूद रहे।

## सांग की प्रस्तुति देने वाली छात्राओं को अध्यापकों ने किया सम्मानित


**जींद।** सांग प्रस्तुत करने वाली छात्राओं को सम्मानित करते हुए।

**उचाना।** राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय डूमरखा के अध्यापकों द्वारा एसडी महिला महाविद्यालय नरवाना की उन प्रतिभाशाली छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने हरियाणवी संस्कृति को आगे बढ़ाते हुए सांग कला के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचा है। एसडी महिला महाविद्यालय नरवाना की छात्राओं ने स्कूल और कॉलेज की सीमाओं से बाहर निकलकर सार्वजनिक मंच पर दनौदा के ऐतिहासिक चबूतरे पर सांग प्रस्तुति देकर कीर्तिमान स्थापित किया। कलाकार समीना दनौदा एवं मोनिका सिंगवाल सहित पूरी टीम ने अध्यापकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक सतीश कुमार, बलजीत सिंह, दारा सिंह, मनोज कुमार, पुनीत कुमार, रविंद्र कुमार, सुंदर सिंह, अनिल कुमार, सुदेश देवी, नीलम देवी, सुदेश सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ सुना 'मन की बात' कार्यक्रम


**जींद।** मन की बात कार्यक्रम को सुनने पहुंचे विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**उचाना।** पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 133वें संस्करण को उचाना विधानसभा के गांव पालवां में विधायक देवेन्द्र चतरभुज अत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ सुना। अत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम देश की उन सकारात्मक कहानियों का मंच है, जो हमें निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। यह 133वां संस्करण राष्ट्र निर्माण और नए भारत के नवाचारों को समर्पित है। इस मौके पर मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा, बलवान कापड़ो, बलराज कापड़ो, मोहन अलीपुरा, एडवोकेट अजय, मोंटी शर्मा, मोहन घसो, दीपक करसिंधु मौजूद रहे।

### आर्य समाज और महर्षि दयानंद पर किए जा रहे आक्षेपों को लेकर बैठक में जताया रोष

**जींद।** आर्य समाज के कार्यकर्ताओं की बैठक आचार्य राजेंद्र गुरुकुल कालवा की अध्यक्षता में आर्य समाज जींद शहर के प्रांगण में संपन्न हुई। जिसमें जिलेभर के प्रमुख कार्यकर्ताओं और बुद्धिजीवियों ने भाग लिया। इसमें प्रमुख रूप से कथित संत रामपाल द्वारा आर्य समाज और महर्षि दयानंद पर किए जा रहे आक्षेपों के बारे में विचार किया गया। उपस्थित सभासदों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया कि रामपाल और उससे प्रभावित अनुयायियों के द्वारा आर्य समाज और ऋषि दयानंद पर किए जाने वाले आक्षेप अभी बंद नहीं किए जाने पर आर्य समाज के लोगों में बहुत रोष है। इससे कानून व्यवस्था की स्थिति फिर बिगड़ सकती है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

**धर्म** धन्ना भक्त जयंती पर भूरायण गांव में भजन व भंडारे का किया आयोजन

# धन्ना भक्त का जीवन अत्यंत सरल व श्रद्धा का प्रतीक रहा : सुभाष

■ मुख्य अतिथि के रूप में सफीदों के पूर्व विधायक सुभाष गांगोली उपस्थित रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए समिति के पदाधिकारी।

संत शिरोमणि धन्ना भक्त धर्मार्थ सभा द्वारा गांव भूरायण में रविवार को धन्ना भक्त की जयंती के उपलक्ष्य में भजन, कीर्तन एवं भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भक्ति भाव से संत धन्ना भक्त को नमन किया। कार्यक्रम के दौरान भजन मंडलियों ने श्रद्धामय भजनों की प्रस्तुति दी। जिससे माहौल भक्तिमय हो गया। इसके उपरांत श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सफीदों के पूर्व विधायक सुभाष गांगोली उपस्थित रहे। पूर्व विधायक सुभाष गांगोली ने संत धन्ना भक्त के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे भक्ति आंदोलन के प्रमुख संतों में से एक थे। उनका जीवन अत्यंत सरल, निष्कपट और ईश्वर के प्रति अटूट श्रद्धा का प्रतीक था। वे किसान परिवार से संबंधित थे और उन्होंने यह संदेश दिया कि सच्ची भक्ति के लिए आडंबर या दिखावे की आवश्यकता नहीं होती बल्कि सच्चे मन और विश्वास से भगवान की आराधना ही सर्वोच्च है।

### सच्ची भक्ति के लिए आडंबर की आवश्यकता नहीं : भारती

जिला पार्षद हैप्पी कालवा व संदीप भारती ने अपने विचार रखते हुए कहा कि संत शिरोमणि धन्ना भक्त सरल भक्ति, सच्ची श्रद्धा और ईश्वर के प्रति निष्कपट प्रेम के लिए प्रसिद्ध थे। धन्ना भगत का जन्म लगभग 15वीं शताब्दी में राजस्थान के टोंक जिले के एक गांव धान्य में एक जाट किसान परिवार में हुआ था। उनका जीवन अत्यंत साधारण और ग्रामीण परिवेश में बीता। वे खेती बाड़ी करते थे और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। उन्होंने कहा कि हमें धन्ना भगत का जीवन यह सिखाता है कि सच्ची भक्ति के लिए किसी विशेष विधि या आडंबर की आवश्यकता नहीं होती, सिर्फ एक सच्चा और श्रद्धा से भरा हृदय ही पर्याप्त है। अन्य वक्ताओं ने संत धन्ना भक्त के उपदेशों को अपनाने का आह्वान करते हुए समाज में भाईचारे और सद्भाव बनाए रखने की अपील की। आयोजकों ने सभी अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वालों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अनिल, दयानंद कुण्डू, कुंडू छह गामा प्रधान राजपाल कुंडू सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।